भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्नh संख्याब 650

जिसका उत्तिर 20 नवम्बर, 2019 को दिया जाना है

एनएलसीआई में विनिवेश

650. डॉ० डी० रविकुमारः

क्या5**कोयला मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) का विनिवेश करने जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार की तमिलनाडु राज्य सरकार के शेयर बेचने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तkर</u>

<u>संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री</u>

(श्री प्रल्हाद जोशी)

(क): वैकल्पिक तंत्र ने दिनांक 13.04.2017 को संपन्न की गई अपनी बैठक में, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी (एमपीएस) संबंधी मानदंडों को बनाए रखने के लिए स्टॉक एक्सचेंज तंत्र के जरिए प्रमोटरों द्वारा बिक्री-प्रस्ताव (ओएफएस) के माध्यम से एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) में 15 प्रतिशत प्रदत्त इक्विटी पूंजी के विनिवेश को मंजूरी दी है। अनुमोदित 15 प्रतिशत विनिवेश में से 5 प्रतिशत प्रदत्त इक्विटी का बिक्री-प्रस्ताव (ओएफएस) वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान पूरा हो गया है। ओएफएस रूट के माध्यम से विनिवेश खुली बाजार बोली-प्रक्रिया द्वारा स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से किया गया है बशर्ते यह बाजार शर्तों के अनुकूल हो और इससे निवेशकों की अपेक्षाएं पूरी होती हों।

(ख): सरकार द्वारा इस प्रकार के किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जा रहा है।

*****